तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 19 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार 9 मार्च 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 महिलाओं ने खेली फूलों की होली



**खबर संक्षेप**

## भाजपा मंडल प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी नियुक्त



**मनेन्द्रगढ़।** भाजपा द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से मंडल प्रशिक्षण वर्ग प्रभारियों की घोषणा की गई है। भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले के विभिन्न मंडालों में प्रशिक्षण वर्ग के लिए प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। जारी सूची के अनुसार जनकपुर मंडल में आशीष मजूमदार और हीरालाल यादव को जिम्मेदारी दी गई है। कोटाडोल मंडल में गौरी सिंह एवं पवन शुक्ला को वर्ग प्रभारी बनाया गया है। वहीं कुंवारपुर मंडल में जमुना पांडेय और फलेन्द्र चेरवा को दायित्व सौंपा गया है। इसी तरह केल्हारी मंडल में संजय राय तथा आनंद गुप्ता को नियुक्त किया गया है। नागपुर मंडल में सरोज यादव और रामचरित द्विवेदी को जिम्मेदारी दी गई है। हसदेव मंडल में आशीष सिंह और श्रीमती प्रवीण सिंह को प्रशिक्षण वर्ग का प्रभारी बनाया गया है। मनेन्द्रगढ़ मंडल में राज कुमार वधावन तथा अरविंद अग्रवाल को जिम्मेदारी सौंपी गई है। चिरमिरी मंडल में रामलाल साहू और मनोज जैन को नियुक्त किया गया है। वहीं खड़गवां मंडल में द्वारिका जायसवाल तथा सोनमती उरे को वर्ग प्रभारी बनाया गया है।

## दर्शना से मिली भाजपा जिलाध्यक्ष पावले



**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले के जनकपुर की बेटी कुमारी दर्शना सिंह ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की प्रतिष्ठित परीक्षा में 383 वीं रैंक प्राप्त कर भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के लिए चयनित होकर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। दर्शना सिंह की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। दर्शना सिंह नगर पंचायत जनकपुर के निवासी अरूण सिंह एवं नगर पंचायत जनकपुर की पार्षद श्रीमती सीमा सिंह की सुपुत्री हैं। उनकी इस सफलता से न केवल परिवार बल्कि पूरा जनकपुर और एमसीबी जिला गर्व महसूस कर रहा है। इसी क्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष चंपा देवी पावले जनकपुर पहुंचकर दर्शना सिंह से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि दर्शना ने अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प से यह मुकाम हासिल कर जिले की बेटियों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

## समस्याओं को लेकर उच्च स्तरीय बैठक

**बिजुरी।** कोतमा विधायक एवं राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कुटीर एवं ग्रामोद्योग दिलीप जायसवाल की अध्यक्षता में नगर पालिका परिषद बिजुरी के सभागार में महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में जमुना-कोतमा और हसदेव क्षेत्र के खदान प्रभावित परिवारों के पुनर्वास रोजगार और मुआवजे जैसे गंभीर विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। मंत्री श्री जायसवाल ने अधिकारियों को सख्त लहजे में निर्देशित किया कि प्रभावितों के हक में किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक का मुख्य केन्द्र ओपन खदान डोला के अंतर्गत आने वाले राम मंदिर के समीप निवासरत परिवार रहे। राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल ने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि इन प्रभावित परिवारों को दो माह के भीतर मुआवजा राशि का भुगतान किया जाए। साथ ही नियमानुसार उनके विस्थापन की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने को कहा गया है ताकि खदान विस्तार के कारण उन्हें किसी भी प्रकार की असुरक्षा का सामना न करना पड़े।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं का सम्मान

# समानता और निर्णय लेने का अधिकार ही महिला सशक्तिकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को जिला पंचायत के ऑडिटोरियम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जिले की विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि जिले की महिलाएं सशक्त हैं और समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना के तहत मिलने वाली हर माह एक हजार रूपए की राशि से कई महिलाएं स्टेशनरी, किराना और सिलाई की दुकानें खोलकर स्वरोजगार कर रही हैं, वहीं कुछ महिलाएं इस राशि का उपयोग अपने बच्चों और पोते-पोतियों की पढ़ाई में कर रही हैं। कलेक्टर ने कहा कि बचत करने का गुण महिलाओं में बचपन से ही होता है। उन्होंने बताया कि जिले की महिलाएं कोरिया मोदक लड्डू बनाकर और पोषण संगवारी





के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार उपलब्ध करा रही हैं, जिससे जन्म लेने वाले शिशुओं का स्वास्थ्य बेहतर हो सके। उन्होंने कोरिया मिलेट्स का उल्लेख करते हुए कहा कि महिलाओं ने अपने परिश्रम और हुनर से स्वादिष्ट व स्वास्थ्यवर्धक व्यंजन और नाश्ते



तैयार कर आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश की है। उन्होंने कहा कि वास्तविक महिला सशक्तिकरण तब माना जाएगा जब महिलाओं को समानता के साथ निर्णय लेने का अधिकार भी मिले। हर महिला और हर बेटी को पढ़ने, लिखने और काम करने का पूरा अधिकार है। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने महिलाओं को पर्यटन क्षेत्र में भी आगे आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बाहर से आने वाले पर्यटकों के लिए टूरिस्ट गाइड के रूप में प्रशिक्षण लेकर रोजगार प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही होमस्टे के माध्यम से घर के एक कमरे को पर्यटकों के लिए उपलब्ध कराकर और स्थानीय भोजन की व्यवस्था कर आर्थिक लाभ अर्जित किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान छोटी-छोटी बच्चियों ने सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। इन बच्चों के प्रतिभा को देखकर कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा सचमुच हुनर का कोई उम्र नहीं होता, ऐसे प्रतिभाओ को मंच मिले तो परिवार व समाज का नाम रोशन करते हैं।

# चैत्र नवरात्रि की तैयारियां शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़



आगामी 19 मार्च से शुरू हो रही चैत्र नवरात्रि को लेकर पूरे मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (एमसीबी) जिले में तैयारियां तेज हो गई हैं। नवरात्रि के पावन अवसर पर जिले के सभी देवी मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, ज्योति कलश स्थापना, भजन-कीर्तन और विभिन्न धार्मिक आयोजनों की तैयारियां शुरू हो गई हैं। मंदिर समितियों और श्रद्धालुओं द्वारा मंदिरों की साफ-सफाई, रंग-रोगन और सजावट का कार्य भी जोर-शोर से किया जा रहा है।

मनेन्द्रगढ़ नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में स्थित प्रमुख देवी मंदिरों में इस वर्ष भी काफी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा ज्योति कलश प्रज्जवलित किए जाएंगे। शहर के शीतला माता की मढ़यिा, काली बाड़ी, बस स्टैंड के नीचे स्थित काली मंदिर, लेदरी छोटे सिद्धबाबा स्थित दुर्गा मंदिर, आमाखेरवा रोड स्थित दुर्गा धाम मंदिर, कॉलेज के पास स्थित दुर्गा मंदिर, सरोवर मार्ग स्थित काली मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में नवरात्रि के दौरान भक्ति का विशेष वातावरण देखने को मिलेगा। इन मंदिरों में श्रद्धालु माता दुर्गा की आराधना के लिए प्रतिदिन सुबह-शाम पूजा-अर्चना करेंगे और माता के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहेगा। मंदिर समितियों द्वारा बताया गया है कि नवरात्रि के दौरान मंदिरों में विशेष सजावट की जाएगी। रंग-बिरंगी लाइटों, फूलों और आकर्षक सजावट से मंदिरों को भव्य रूप दिया जाएगा। साथ ही सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। नवरात्रि के नौ दिनों तक भक्त माता दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करेंगे। कई श्रद्धालु इस दौरान उपवास रखकर माता की आराधना करते हैं। वहीं विभिन्न स्थानों पर देवी जागरण, भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी काफी संख्या में श्रद्धालु ज्योति कलश स्थापित कर माता दुर्गा से सुख-समृद्धि, शांति और परिवार की खुशहाली की कामना करेंगे। नवरात्रि पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है और मंदिरों में तैयारियों का दौर लगातार जारी है। धार्मिक आस्था और श्रद्धा के इस पर्व को लेकर पूरे मनेन्द्रगढ़ नगर सहित जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी विशेष उत्साह का माहौल है।

## तमजीरा में जल महोत्सव का शुभारंभ



जल शक्ति मंत्रालय द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च से 22 मार्च तक देशभर में मनाए जा रहे जल महोत्सव के तहत कोरिया जिला के बैकुंठपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम तमजीरा में जल महोत्सव का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं की सहभागिता के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती पुष्पा सिंह, पंच श्रीमती ललिता सिंह, श्रीमती कमलादेवी, जल मित्र सुशीला साहू तथा जल बहनियां उपस्थित रहीं। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता मनोज ठाकुर ने जानकारी दी कि जल महोत्सव 8 से 22 मार्च तक चलने वाला पखवाड़ा है। इसका मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायतों को जल आपूर्ति संपत्तियों का औपचारिक हस्तांतरण, जल गुणवत्ता परीक्षण और निगरानी को मजबूत करना तथा सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित करना है।

## महिला बैडमिंटन स्पर्धा का आयोजन



अंतरराष्टीय महिला दिवस के अवसर पर खेलो इंडिया लघु केन्द्र तलवापारा बैकुंठपुर में महिला बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। खेल युवा कल्याण विभाग के द्वारा जिसके मुख्य अतिथि जिला खेल अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता के उपस्थिति में संपन्न हुआ दो कैटेगरी में टूर्नामेंट का आयोजन कराया गया। जूनियर सीनियर जिसमें सीनियर कैटेगरी में श्रद्धा घोष प्रथम दिव्यांशी पटेल द्वितीय पुरस्कार शासविका सिंह तृतीय पुरस्कार विजेता रही। जूनियर कैटेगरी में काव्या राजवाड़े प्रथम, सौम्या कुजूर द्वितीय, दीप शिखा पांडे तृतीय पुरस्कार विजेता रही। इस अवसर पर जितेन्द्र गुप्ता, कोच श्यामल मित्रा, धर्मेन्द्र सिंह, सौरभ सिंह, भूपेन्द्र पाल, प्रकाश साहू, प्रवीण पटेल, गणेश चंद राजवाड़े सहित अन्य खिलाड़ी एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

## महिला सशक्तिकरण की मिसाल बनीं कुसुम



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कोरिया जिला के बैकुंठपुर जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत चारपारा की रहने वाली श्रीमती कुसुम के लिए यह दिन खास बन गया। ग्राम पंचायत द्वारा उनकी आजीविका डबरी का निर्माण पूरा कर उन्हें सौंप दिया गया, जिससे उनके लिए स्वरोजगार के नए रास्ते खुल गए हैं। समूह से जुड़कर मेहनत, समर्पण और एकजुटता के साथ कार्य करते हुए कुसुम अपने क्षेत्र में महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गई हैं। पिछले तीन-चार वर्षों से वह सक्रिय रूप से समूह से जुड़कर काम कर रही हैं और गांव में महिलाओं को संगठित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। लगभग 25 गुणा 25 मीटर आकार में बनी इस आजीविका डबरी के निर्माण पर करीब ढाई लाख रूपए की लागत आई है। राज्य कार्यालय के निर्देशानुसार इसका निर्माण कराया गया और सूचना पटल पर कुसुम का नाम उनके लोकोस आईडी के साथ दर्ज किया गया है।

## जेवर दुकान से चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कुसमी।** कुसमी बस स्टैंड के समीप स्थित बैजनाथ ज्वेलर्स एवं ओम वस्त्रालय में गुरूवार को भोर में दो दुकानों का ताला तोड़कर चोरी करने के मामले में पुलिस ने ग्राम बकसपुर निवासी आरोपी गजेन्द्र उर्फ छोटू पैकरा आ. रविन्द्र पैकरा (22 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने ज्वेलरी दुकान से चांदी के पायल, थाली एवं अन्य जेवर चोरी करने का आरोप स्वीकार किया है। विवेचना के दौरान पुलिस ने संदेह के आधार पर आरोपी गजेन्द्र उर्फ छोटू पैकरा आ. रविन्द्र पैकरा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने चोरी करने की बात स्वीकार किया।

# 60 लाख की चोरी मामले में ऑडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अनूपपुर

जिले के कोतमा क्षेत्र में हुई करोड़ों की आहट वाली बड़ी चोरी अब पुलिस के लिए सिरदर्द बनती जा रही है। बदरा स्थित पेट्रोल पंप संचालक संग्राम सिंह के सूने घर में 19 जनवरी की रात चोरों ने बेखौफ होकर लगभग 60 लाख रूपए से अधिक के सोने-चांदी के जेवर, नगदी और पूजा सामग्री पर हाथ साफ कर दिया था। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने सीतापुर क्षेत्र से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था, लेकिन अब वायरल हुए 8 मिनट के ऑडियो ने पूरे मामले में नई सनसनी फैला दी है।

ऑडियो में कथित तौर पर जांच से जुड़े पुलिसकर्मी और पीड़ित के बीच बातचीत में आरोप लगाया गया है कि एक वाहन मालिक कुर्बान को बचाने की कोशिश की जा रही थी और इसके बदले एक लाख रूपए की मांग की गई रही है। पीड़ित का कहना है कि इतनी बड़ी चोरी के बावजूद अब तक मात्र करीब 9 लाख रूपए के गहनों की बरामदगी ही हो पाई है। वहीं कई स्थानीय संदिग्धों को बिना कार्रवाई के छोड़ दिया गया, जिससे पुलिस की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। 19 जनवरी की रात चोर लग्जरी कार से बदरा पहुंचे और संग्राम सिंह के सूने घर को निशाना बनाते हुए बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने घर में रखे सोने-चांदी के गहने, नगदी और पूजा सामग्री सहित करीब 60 लाख रूपए से ज्यादा का सामान पार कर दिया। वारदात इतनी सुनियोजित थी कि चोर आराम से घटना को अंजाम देकर फरार हो गए।



वह मकान जहां चोरी हुई।

घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई और पुलिस ने विशेष टीम बनाकर जांच शुरू की थी। चोरी की जांच के दौरान सामने आया 8 मिनट का ऑडियो अब पूरे मामले में नई हलचल पैदा कर रहा है। वायरल ऑडियो में कथित तौर पर पुलिस अधिकारी और पीड़ति के बीच बातचीत सुनाई दे रही है, जिसमें वाहन मालिक को बचाने और एक लाख रूपए के लेनदेन की बात सामने आ रही है। इस ऑडियो के सामने आने के बाद पुलिस की जांच प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं।

### जांच कराई जा रही है

विवेचना में लापरवाही पर उप निरीक्षक को निलंबित किया गया है। वायरल ऑडियो की भी जांच कराई जा रही है।

-**मोती उर रहमान**, पुलिस अधीक्षक अनूपपुर

## बस दुर्घटना में गंभीर महिला की गई जान

**अम्बिकापुर।** कुनकुरी अंतर्गत ग्राम ठठेरटांगर निवासी द्रोपति पति तेजू राम (57 वर्ष) 6 मार्च को यात्री बस से कुनकुरी जा रही थी। जैसे ही यात्री बस कुनकुरी मार्ग गोडाअंबा गांव पहुंची तभी अनियंत्रित होकर पलट गई। यात्री बस के पलट जाने से द्रोपदी गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने द्रोपति के अलावा सुभो बाई (45 वर्ष), चांदनी (35 वर्ष), सुधीर (50 वर्ष), धनमति (55 वर्ष), रुकमणी (35 वर्ष), सूलोचनी (60वर्ष), सुखसाय राम (28 वर्ष), मनमेत बाई (50 वर्ष), अरूण बाघ (34 वर्ष), शिव शंकर (50 वर्ष), लीलामति (51 वर्ष), आरती (35 वर्ष), नेहा बाई (14 वर्ष), संत कुमारी (31 वर्ष), दुर्गा (10 वर्ष) बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बीती रात उपचार के दौरान घायल द्रोपति की उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं अन्य घायलों का उपचार चल रहा है।

# अफीम की खेती: कांग्रेस ने साधा निशाना

**बिलासपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया द्वारा रविवार को राजीव भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय में जिला स्तरीय पत्रकारवार्ता आयोजित की गई।

पत्रकारवार्ता में जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने संबोधित करते कहा कि दुर्ग जिले के समोदा गांव में एक फार्महाउस के अंदर लगभग 10 एकड़ में अफीम की खेती के कथित खुलासे को गंभीर बताते हुए भाजपा सरकार पर नशे के कारोबार को संरक्षण देने का आरोप लगाया। यह अफीम की खेती भाजपा से जुड़े एक नेता द्वारा कराए जाने की जानकारी सामने आई है, जो पूर्व में किसान मोर्चा में पदाधिकारी रह चुका है और वर्तमान में भाजपा के एक प्रकल्प में प्रदेश स्तर पर जिम्मेदारी निभा रहा है। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा के कई बड़े नेताओं के साथ उसकी तस्वीरें भी सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं, जिससे उसके राजनीतिक संबंध स्पष्ट होते हैं। पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला ने कहा कि बिना सत्ता के




संरक्षण के इतनी बड़ी मात्रा में खुलेआम अफीम की खेती संभव नहीं है।

भाजपा सरकार के कार्यकाल में प्रदेश में जुआ, सट्टा, शराब तस्करी और नशे का कारोबार तेजी से बढ़ा है और इसके कारण युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में जा रही है। कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल ने कहा कि प्रदेश में अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी और बिक्री के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। बावजूद इसके सरकार और प्रशासन इस पर प्रभावी कार्रवाई करने में विफल साबित हो रहे हैं। कांग्रेस ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए गृहमंत्री को इस्तीफा देना चाहिए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, नजीर अजहर, योगेश शुक्ला, अशोक जायसवाल, प्रवीर भट्टाचार्य, हेमसागर यादव, बिहारी लाल राजवाड़े, भूपेन्द्र यादव, आशीष यादव, कृष्ण कुमार राजवाड़े, अनिल जायसवाल, यूसुफ इराकी, आशीष डबरे, दीपक गुप्ता, पार्षद धीरज शिवहरे, राजीव गुप्ता, जाग्रत कुर्रे, रियाजउद्दीन, एजाज गुड्डू, एसएन मोदी, संजोती मरकाम, श्रीमती अन्नपूर्णा सिंह, चांदनी सोनी आदि उपस्थित रहे।

### एलपीजी सिलेंडर के दाम बढ़ने से गरीब और मध्यम वर्ग पर बढ़ा आर्थिक बोझ

# रसोई गैस की बढ़ी कीमतों के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 60 रूपए तथा कॉमर्शियल सिलेंडर में 115 रूपए की बढ़ोतरी के विरोध में 8 मार्च को जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया द्वारा कुमार चौक में विरोध प्रदर्शन करते हुए देश के प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया गया।

जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि केन्द्र सरकार की गलत नीतियों के कारण महंगाई लगातार बढ़ रही है, जिससे आम जनता विशेषकर गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों पर भारी आर्थिक बोझ पड़ रहा है। रसोई गैस आम जनता की दैनिक आवश्यकता है, लेकिन



विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

बार-बार कीमतों में वृद्धि से लोगों को गंभीर आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसजनों ने बढ़ी हुई गैस कीमतों को तत्काल वापस लेने की मांग करते हुए केन्द्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि महंगाई पर नियंत्रण करने में केन्द्र सरकार पूरी तरह विफल साबित हो रही है और आम जनता को राहत देने के बजाय लगातार महंगाई का बोझ बढ़ाया जा रहा है। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि गैस सिलेंडर की बढ़ी हुई कीमतों को वापस नहीं लिया गया तो पार्टी आगे भी जनहित में आंदोलन जारी रहेगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष नजीर अजहर, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, उपाध्यक्ष प्रवीर भट्टाचार्य, हेमसागर यादव, बिहारी लाल राजवाड़े, भूपेन्द्र यादव, आशीष यादव, कृष्ण कुमार राजवाड़े, अनिल जायसवाल, यूसुफ इराकी सहित काफी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय समाधान शिविर 12 एवं 27 को

**बलरामपुर।** राज्य शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक सुगमता एवं समयबद्ध रूप से पहुंचाने तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले के विकासखण्डों में समाधान शिविर आयोजित किया जाना है। जिसके लिए कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी एवं अपर कलेक्टर चेतन बोरघरिया को जिला स्तरीय सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। जिला स्तरीय समाधान शिविर प्रत्येक विकासखण्ड में आयोजित किया जाएगा। जिसके अंतर्गत मार्च 2026 में जिला स्तरीय समाधान शिविर निर्धारित तिथियों को आयोजित होगा। विकासखंड वाड्रफनगर में 12 मार्च को ग्राम पंचायत बरतीकला के हाई स्कूल मैदान में आयोजित होगा।

# संजीवनी 108 में गूंजी किलकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

संजीवनी एक्सप्रेस वाहन से गर्भवती महिला को सुरक्षित प्रसव के लिए अस्पताल लाने के दौरान अस्पताल पहुंचने के पूर्व ही महिला को प्रसव पीड़ा बढ़ने पर संजीवनी एक्सप्रेस एम्बुलेंस वाहन के ईएमटी कौशल कुमार की टीम ने वाहन में ही सुरक्षित प्रसव कराया, जिससे एम्बुलेंस में ही बच्चे की किलकारी गूंजने लगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम इंदरपुर केराझरिया निवासी गर्भवती महिला प्रमिला पति महेन्द्र को प्रसव पीड़ा होने पर डायल 108 संजीवनी एक्सप्रेस वाहन को शनिवार की देर रात्रि में बुलाया। मौके पर पहुंच कर गर्भवती महिला को सुरक्षित प्रसव के लिए जिला अस्पताल एम्बुलेंस से लाया जा रहा था। इसी दौरान बीच रास्ते में



महिला की प्रसव पीड़ा बढ़ी, तब ईएमटी कौशल कुमार एवं पायलट ललन राजवाड़े के द्वारा महिला को रास्ते में ही सुरक्षित प्रसव कराया।

उल्लेखनीय है कि ऐसे कई मामले सामने आए है, जब गर्भवती महिला को अस्पताल पहुंचने के पूर्व ही संजीवनी एक्सप्रेस वाहन में सुरक्षित प्रसव कराया जा चुका है।

## खबर संक्षेप



### भाजपा ओबीसी मोर्चा की जिला कार्यकारिणी की हुई बैठक

**अम्बिकापुर।** भाजपा ओबीसी मोर्चा की जिला कार्यकारिणी एवं मंडल अध्यक्षों की परिचयात्मक बैठक जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के मुख्य आतिथ्य एवं मोर्चा के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार बबलू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में श्री सिसोदिया ने कहा कि प्रदेश और देश में ओबीसी समाज की आबादी के अनुसार नेतृत्व की अपेक्षा युवा और नये कार्यकर्ताओं से अधिक है। जिला महामंत्री विनोद हर्ष ने कहा कि सारे ओबीसी समाज के नवीन दायित्व प्राप्त पदाधिकारियों को एक होकर के समाज को नयी दिशा प्रदान करने का लक्ष्य रखना चाहिए। मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि उन्होंने भी अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में किया था और आज वे प्रदेश पदाधिकारी का दायित्व निर्वहन कर रहे हैं। जिला अध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता बबलू ने कहा कि ओबीसी समाज के प्रत्येक तबके को आगे आना चाहिए और एक बेहतर समाज के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लेना चाहिए। बैठक का संचालन मोर्चा के जिला महामंत्री पंकज गुप्ता एवं जिला उपाध्यक्ष श्रवण दास मानिकपुरी तथा आभार प्रदर्शन निशांत गुप्ता मोंटी ने किया। इस दौरान गौतम विश्वकर्मा, राजेन्द्र जायसवाल, जन्मेजय मिश्रा, प्रयाग राज साहू, लक्ष्मी दास मानिकपुरी, सिकन्दर जायसवाल, कमलेश तिवारी, मनोज कंसारी, सोविंद यादव सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### ओबीसी महिला सशक्तिकरण के लिए 9 मार्च को दिल्ली में राष्ट्रीय सम्मेलन

**अम्बिकापुर।** देश में महिलाओं की राजनीतिक और सामाजिक भागीदारी को बढ़ाने की दिशा में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस लगातार प्रयासरत है। इसी



क्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में ओबीसी कांग्रेस राष्ट्रीय महिला प्रकोष्ठ सम्मेलन का आयोजन 9 मार्च को प्रातः 10.30 बजे से कांग्रेस मुख्यालय, इंदिरा भवन, कोटला मार्ग, नई दिल्ली में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में महिला प्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। पार्टी के सभी राष्ट्रीय समन्वयकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका इसमें निर्धारित की गई है, जिनकी जिम्मेदारी है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों से सक्षम और नेतृत्व योग्य महिलाओं को आगे लाकर उन्हें संगठनात्मक जिम्मेदारियों के लिए प्रस्तावित करें। सम्मेलन के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया 27 फरवरी को पूर्ण हो चुकी है। विभिन्न राज्यों से महिलाओं ने उत्साहपूर्वक अपना पंजीकरण कराया है और बड़ी संख्या में प्रतिभागियों के कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना है। इसी क्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय समन्वयक लक्ष्मी गुप्ता द्वारा भी उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ तथा विशेष रूप से सरगुजा क्षेत्र से महिलाओं का पंजीकरण कराया गया है और वे सभी इस ऐतिहासिक सम्मेलन में भाग लेने के लिए दिल्ली पहुच रही हैं।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सरगुजा संभाग में महा जनसुनवाई सप्ताह

अम्बिकापुर। महिलाओं को त्वरित न्याय और शिकायतों के शीघ्र निराकरण के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महा जनसुनवाई सप्ताह (8 से 13 मार्च) का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सरगुजा संभाग के लिए 9 मार्च को जिपं सभाकक्ष में महा जनसुनवाई आयोजित की जाएगी, जिसमें संभाग के छह जिलों के कुल 101 प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी। महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने बताया कि महिलाओं को त्वरित राहत प्रदान करने के उद्देश्य से यह महत्वपूर्ण पहल की गई है। आयोग द्वारा पिछले साढ़े पांच वर्षों में प्रदेश के विभिन्न जिलों में 370 से अधिक जनसुनवाई आयोजित कर लगभग 8000 से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है।

## बेधड़क होकर 10 सालों से चला रही ऑटो

# गुलाबी गैंग की 22 महिला ऑटो चालक बनीं समाज के लिए प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

महिला दिवस विशेष

कभी घर की चारदीवारी एवं रसोई तक कैद रहने वाली महिलाएं अब समाज के लिए प्रेरणा बन गई है। उचित मार्गदर्शन एवं प्रशासन से मिले सहयोग से ये महिलाएं ऑटो चलाकर न केवल आत्मनिर्भर हुई हैं बल्कि आत्मसम्मान के साथ अपना जीवन जी रही हैं। अधिक आय के लिए अब इनके पास समय का भी बंधन नहीं है। दिन हो या रात ये हमेशा अपने काम पर मुस्तैद रहती हैं।

**खास बात**
- मुख्यधारा से जुड़कर बदली परिवार की परिस्थितियां

वर्ष 2015 में तत्कालीन कलेक्टर श्रीमती ऋतु सेन ने घर की चारदीवारी तक सिमटी ऊर्जावान महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया। काफी मशक्कत के बाद कुछ महिलाएं आगे आई तो आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के बावजूद परिवार के सदस्य इनके घर के बाहर निकलने का विरोध करने लगे। कुशल मार्गदर्शन मिलने के बाद महिलाओं ने किसी तरह अपने परिवार के सदस्यों को समझाकर शांत कराया। प्रशासन द्वारा इन



सवारियों से भरी ऑटो चलाती गैंग की महिला चालक।

महिलाओं को ऑटोचालक का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को यह भी बताया गया कि आज महिलाएं सेना में भर्ती होकर अपनी जिम्मेदारी निभा रही हैं वही हवाई जहाज उड़ा रही हैं। महिलाएं ट्रक व कार भी चला रही हैं तथा किसी भी मामले में पुरूषों से कम नहीं है। आपको सम्मान के साथ जीवन जीना है तो हर तरह की परिस्थितियों का सामना करने के लिए तैयार रहना पड़ेगा। ऑटो चालकों को आवश्यकता के अनुसार सूनसान स्थानों से भी गुजरना पड़ता है साथ ही कई बार रात में भी सफर करना पड़ता है। महिला चालकों को सुरक्षा संबंधी समस्या न हो इसलिए उन्हें कराटे का भी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशासन ने प्रशिक्षित महिला चालकों को किस्त पर ऑटो भी उपलब्ध कराया। तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह ने 16 मार्च 2015 के दिन महिला चालकों को ऑटो की चाबी सौंप नए सफर पर रवाना किया था। तब से गुलाबी गैंग की महिला ऑटो चालक लगातार शहर की सड़कों पर ऑटो चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रही है। बरसात हो या फिर चिलचिलाती गर्मी या फिर रात का समय गुलाबी गैंग का ऑटो हर समय सफर के लिए तैयार रहता है। गुलाबी गैंग की महिला चालकों की एकता भी एक मिसाल है। किसी भी महिला चालक के साथ किसी ने बदसलूकी करने की हिम्मत की तो पलक झपकते ही अन्य महिला चालक पहुंच जाती हैं। आज गुलाबी गैंग की महिला चालकों से प्रेरित होकर अन्य महिलाएं भी शहर में ई-रिक्शा चला रही है।

**अब हो रही सराहना**

गुलाबी गैंग की लीडर अजिरमा निवासी श्रीमती गीता सिंह बताती है कि प्रारम्भ में गैंग की सभी सदस्यों को परिवार के सदस्यों एवं रिश्तेदारों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा था। बाद में जब ग्रुप की महिलाएं चर्चा में आई तथा आय में वृद्धि होने पर परिवार की आर्थिक स्थिति सदृढ होने लगी तो विरोध करने वाले रिश्तेदार उनकी सराहना करने लगे। अपनी मेहनत से गुलाबी गैंग की सभी महिला चालकों के पास स्वयं की ऑटो है। वाहनों की संख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि होने के कारण आय में कमी आई है लेकिन खुशी है कि सभी महिला सदस्य आत्मनिर्भर हैं तथा अपने बच्चों को अच्छी तरह पढ़ा-लिखा रही हैं।

**22 महिलाएं भर रही फर्राटे**

8 महिला चालकों से शुरू हुए गुलाबी गैंग की सदस्यों की संख्या अब 22 हो गई हैं। सभी महिला ऑटो चालक निर्भय होकर अपनी जिम्मेदारी का कुशलता पूर्वक निर्वहन कर रही है। गुलाबी गैंग की महिला चालकों से प्रेरित होकर शहर की अन्य महिलाएं भी आज घर-घर से कचरा प्रबंधन, ऑटो स्टैण्ड, वाहन पार्किंग की जिम्मेदारी संभाल रही है।



## चोरी के मामले में पुलिस ने दो युवकों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

बतौली में बीती रात राष्ट्रीय राजमार्ग 43 किनारे राजेश स्वीट्स के संचालक राजेश गुप्ता के घर चोरों ने घर में घुस कर नगदी समेत लगभग 5 लाख के जेवरात चोरी करने की घटना में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने युवकों के पास से चोरी के जेवरात व नकदी बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार झरगवां बतौली निवासी राजेश गुप्ता शुक्रवार की शाम करीब 6 बजे अपने घर में ताला लगाकर परिवार सहित बाहर गया था। रात 10 बजे घर आया तो देखा कि घर के सामने चैनल गेट एवं दरवाजा का ताला टूटा हुआ था। बेडरूम में जाकर देखा तो दो चोर अलमारी को तोड कर पैसा एवं जेवर निकाल रहे थे जिसे देख राजेश गुप्ता रूम को सामने से बंद कर घर से बाहर निकल लोगो को सहायता के लिए बुला रहा था। इसी बीच दोनों चोर खिड़की के तरफ से निकल कर घर के पीछे तरफ का दरवाजा तोड़कर भाग गए। मकान मालिक अंदर जाकर जेवर एवं पैसा का मिलान किया तो नगदी समेत लगभग 5 लाख कीमत के जेवरात गायब थे। घटना की रिपोर्ट राजेश गुप्ता ने थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(4), 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। डॉग स्क्वायड सहित पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया। डॉग स्क्वायड एवं पुलिस टीम के सतत प्रयास से घर पर ही 5 लाख के जेवर घर में बरामद किया साथ ही देवरी डुमरपारा निवासी विवेक मरावी आ. विक्रम मरावी (21 वर्ष) व मुकेश मरावी आ. धनीराम मरावी (20 वर्ष) को हिरासत लेकर पूछताछ किया तो दोनों ने घर में चोरी करने की बात कबूल की। पुलिस ने आरोपियों के पास से नकदी सहित जेवरात बरामद किया। कार्रवाई में थाना प्रभारी विवेक सेंगर, साइबर सेल प्रभारी सहायक उप निरीक्षक अजीत मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक संजय गुप्ता, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, विकास सिन्हा, जयदीप सिंह, आरक्षक जितेश साहू, मनीष सिंह, डॉग स्क्वायड सहित अन्य पुलिसकर्मी सक्रिय रहे।



### वाहन चेकिंग के नाम पर अवैध वसूली का आरोप, युवा कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

**शंकरगढ़।** पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के नाम पर अवैध वसूली किए जाने के आरोप को लेकर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए प्रशासन से मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के बाद युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बृजेश यादव ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि थाना शंकरगढ़ पुलिस द्वारा धारा 185 के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों, बिना हेलमेट वाहन चालकों और वाहनों के दस्तावेजों की जांच के नाम पर क्षेत्र के लोगों से लगातार पैसे की अवैध वसूली की जा रही है। कई मामलों में नियम के अनुसार कार्रवाई करने के बजाय लोगों से पैसे लेकर उन्हें छोड़ दिया जाता है, जिससे क्षेत्र के लोग आर्थिक रूप से परेशान हो रहे हैं और लोगों में आक्रोश है। युवा कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। इस दौरान पूर्व ब्लाक अध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, हीरालाल यादव, संतोष इंजीनियर, धीरजन उरांव, रुपेश यादव, लिदु लकड़ा, दीपक बुनकर, ओसपाल यादव, सुनील पैकरा, आशीष यादव, जैद हसन, उमेश भास्कर, रीकेश यादव, राजू यादव, देवनारायण मरावी, मुकेश यादव, हेमंत यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर केआर कॉलेज में प्रेरक संवाद श्रृंखला

**अंबिकापुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर के आर टेक्निकल कॉलेज के आईक्यूएसी एवं महिला सशक्तिकरण समिति के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रितेश वर्मा के निर्देशन 1 से 7 मार्च तक विशेष प्रेरक संवाद श्रृंखला का आयोजन किया गया। इस विशेष पहल के अंतर्गत महाविद्यालय के शिक्षकों और छात्राओं के चार दल बनाए गए, जिन्होंने अंबिकापुर तथा आसपास के क्षेत्रों में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं से उनके कार्यस्थलों पर जाकर संवाद किया और उनके जीवन की प्रेरणादायक यात्राओं को संकलित किया।



प्राचार्य डॉ. रितेश वर्मा ने कहा कि इस संवाद श्रृंखला के माध्यम से छात्राओं को समाज में कार्यरत उन महिलाओं से मिलने और उनके अनुभवों से सीखने का अवसर मिला, जिन्होंने अपने जीवन में अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए सफलता प्राप्त की है। ऐसी प्रेरणादायक कहानियां छात्राओं में आत्मविश्वास, साहस और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देती हैं। उन्होंने कहा कि के आर टेक्निकल कॉलेज सदैव नारी सम्मान, समानता और महिला सशक्तिकरण के मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। संवाद श्रृंखला के अंतर्गत जिन प्रमुख महिलाओं से संवाद किया गया उनमें अंबिकापुर की महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, अधिवक्ता श्रीमती विधि अग्रवाल, ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की विद्या दीदी, के आर टेक्निकल कॉलेज की निदेशक डॉ. रीनू जैन, अरिहंत हॉस्पिटल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अंजु गोयल, समाज सेविका सुश्री वंदना दत्ता, संरक्षण अधिकारी श्रीमती सुलेखा कश्यप, सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रियंका सिंह चंदेल, श्रीमती हर्षा केशरवानी, सेवानिवृत्त सहायक प्राध्यापक डॉ. आशा शर्मा, श्रीमती पप्पी शुक्ला, ग्राम पंचायत सचिव श्रीमती रुक्मणी पटेल, डेयरी संचालिका श्रीमती कल्पना घोष, ऑटो चालक श्रीमती उषा तथा संजय नगर की सरपंच श्रीमती सोमारी देवी शामिल रहीं। इस संवाद श्रृंखला के दौरान सभी महिलाओं ने छात्राओं को शिक्षा प्राप्त करने, आत्मनिर्भर बनने और आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया।

## साल के पेड़ से टकराई कार युवक की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

विकासखंड रामचंद्रपुर अंतर्गत ग्राम चाकी के ग्रामीण होली खेलकर पड़ोसी गांव लावा से वापस लौट रहे थे, तभी लावा रोड पर गुरुवार शाम करीब 4 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ग्लेंजा कार अनियंत्रित होकर साल के पेड़ से टकरा गई।

- पांच गंभीर घायल

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार मालिक प्रेम यादव (26 वर्ष) की सीने और सिर में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में कार में सवार गणेश यादव (40 वर्ष), इंद्र यादव (35 वर्ष), चंद्रिका यादव (22 वर्ष) और पुष्पराज यादव उर्फ लाल बाबू (30 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायल ग्राम चाकी के निवासी बताए जा रहे हैं। घायलों में तीन आपस में चचेरे भाई हैं। घटना के



तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को 100 बिस्तर अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर सभी को बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि सभी युवक नजदीकी गांव में होली खेलने गए थे और वापस अपने गांव लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही 100 बिस्तर अस्पताल में जिला पंचायत के पूर्व सभापति राजेश यादव, किसान कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री जसवंत सिंह, जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव व्यास मुनि यादव समेत अन्य लोग पहुंचे। मृतक प्रेम यादव ग्राम चाकी का ही निवासी था। हादसे के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल निर्मित हो गया है।

## बंद खदान की झील में डूबने से 15 वर्षीय किशोर की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

एसईसीएल की बंद पड़ी खदान में बनी गहरी नीली झील में डूबने से 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस, डीडीआरएफ और एसईसीएल के बचाव दल ने संयुक्त अभियान चलाकर कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद किशोर का शव झील से बाहर निकाला।

- कई घंटे बाद झील से निकाला गया शव

भटगांव के बी-टाइप कॉलोनी निवासी विकास ठाकुर आ. स्व. सुखविलास ठाकुर (15 वर्ष) होली के दिन दोपहर करीब 3.30 बजे घर से निकला था। परिजन के अनुसार वह दोस्तों के साथ बाहर जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। जैसे-जैसे समय बीतता गया, परिजन की चिंता बढ़ती गई। परिवार के लोगों ने कई बार उसके मोबाइल पर कॉल किया, लेकिन केवल घंटी बजती रही और किसी ने फोन रिसीव नहीं किया। देर रात तक किशोर का कोई सुराग नहीं मिलने पर परिवार ने भटगांव पुलिस थाना में सूचना दी। सूचना मिलते ही भटगांव पुलिस सक्रिय हो गई। थाना प्रभारी सरफराज फिरदौसी ने तत्परता दिखाते हुए साइबर टीम की मदद से किशोर के मोबाइल की लोकेशन ट्रेस कराई।

मोबाइल की लोकेशन एसईसीएल की बंद खदान में बनी नीली झील के पास मिली। लोकेशन मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद पुलिस ने आसपास के क्षेत्र की तलाश शुरू की, जहां झील के किनारे किशोर के कपड़े पड़े मिले। जब पुलिस और स्थानीय लोगों ने झील के भीतर देखा तो शव नजर आया। हालांकि झील की गहराई काफी अधिक होने और अंधेरा हो जाने के कारण उसी समय शव को बाहर निकालना संभव नहीं हो सका। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने तत्काल डीडीआरएफ और एसईसीएल के बचाव दल को सूचना दी और अगले दिन सुबह रेस्क्यू ऑपरेशन चलाने का निर्णय लिया गया। दूसरे दिन कड़ी मशक्कत के बाद शव बाहर निकाला गया।

## श्रवणबाधित दिव्यांगजनों के लिए अब छग में भी जारी होगा ड्राइविंग लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

लंबे समय से अपने अधिकारों और समानता अवसर की प्रतीक्षा कर रहे श्रवणबाधित दिव्यांगजनों के लिए राहत भरी खबर है,अब छत्तीसगढ़ राज्य में भी सामान्य नागरिकों की तरह श्रवणबाधित दिव्यांगजन वैध ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त कर सकेंगे,भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय नई दिल्ली की स्वीकृति के बाद यह महत्वपूर्ण निर्णय लागू किया गया है, जिससे प्रदेश के हजारों दिव्यांगजनों के लिए आत्मनिर्भरता की नई राह खुलेगी।

इस संबंध में सरगुजा ज्ञानोदय एसोसिएशन के अध्यक्ष विजयराज अग्रवाल ने बताया कि कार्यालय परिवहन आयुक्त छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य के सभी वरिष्ठ क्षेत्रीय, क्षेत्रीय, अतिरिक्त क्षेत्रीय और जिला परिवहन अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इन निर्देशों के तहत प्रदेशभर में विशेष परीक्षण एवं प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें श्रवणबाधित दिव्यांगजनों को वाहन चलाने की क्षमता और कौशल का परीक्षण किया जाएगा,उन्होंने बताया कि मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 7 और 8 के तहत श्रवणबाधित आवेदकों का ड्राइविंग कौशल परीक्षण किया जाएगा,यदि वे वाहन चलाने के लिए सक्षम और योग्य पाए जाते हैं, तो उन्हें विधिवत ड्राइविंग लाइसेंस जारी किया जाएगा। साथ ही उनके वाहनों पर एक विशेष चिन्ह भी लगाया जाएगा, जिससे सड़क पर उनकी अलग पहचान हो सके और अन्य वाहन चालक भी सतर्क रह सकें। उन्होंने बताया कि विश्व के कई विकसित देशों में श्रवणबाधित लोगों को वाहन चलाने की अनुमति पहले से दी जा रही है। दरअसल वाहन चलाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका दृश्य संकेतों की होती है। सड़क किनारे लगे ट्रैफिक संकेत, लाइट और दिशा सूचक चिह्नों को देखकर श्रवणबाधित व्यक्ति भी सुरक्षित तरीके से वाहन चला सकता है। इसी आधार पर अब भारत में भी इस दिशा में सकारात्मक पहल की गई है। बताया गया कि ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने के लिए श्रवणबाधित व्यक्तियों को सरकारी अधिकृत डॉक्टर से फॉर्म 1-ए में मेडिकल प्रमाण पत्र प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

## अनोखी सोच संस्था ने असहाय महिला का कराया अंतिम संस्कार

**अम्बिकापुर।** मानवता और संवेदनशीलता की एक मार्मिक मिसाल उस समय देखने को मिली जब अनोखी सोच संस्था ने एक असहाय और गरीब महिला का पूरे विधि-विधान के साथ अंतिम संस्कार कराया। संस्था हमेशा से ऐसे लोगों के अंतिम संस्कार का दायित्व उठाती रही है जिनका इस दुनिया में कोई सहारा नहीं होता।

जानकारी के अनुसार लुण्ड्रा थाना अंतर्गत ग्राम चितरपुर डूमरडीह निवासी यशोदा गुप्ता (32 वर्ष) का उपचार विगत दो दिनों से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा था। गंभीर बीमारी से जूझ रही यशोदा गुप्ता ने 7 मार्च को अंतिम सांस ली। यशोदा गुप्ता विधवा थीं और अपने दो छोटे बच्चों गणेश गुप्ता (10 वर्ष) और मनीष गुप्ता (5 वर्ष) के साथ अपने पिता के घर रह रही थीं। परिवार अत्यंत गरीब



स्थिति में जीवन यापन कर रहा था। बच्चों के पिता का साया पहले ही उनके सिर से उठ चुका था और अब मां के निधन के बाद दोनों मासूम बच्चे पूरी तरह अनाथ हो गए। महिला की मृत्यु के बाद परिवार की आर्थिक स्थिति इतनी कमजोर थी कि उनके पास अंतिम संस्कार करने के लिए न पर्याप्त लोग थे और न ही कोई संसाधन। ऐसी कठिन परिस्थिति में मेडिकल कॉलेज में कार्यरत एक नर्स ने उन्हें अनोखी सोच संस्था से संपर्क करने की सलाह दी। इसके बाद संस्था के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश साहू से संपर्क किया गया। सूचना मिलते ही संस्था के सदस्य तुरंत आगे आए और मृतिका यशोदा गुप्ता का पूरे विधि-विधान और धार्मिक परंपराओं के अनुसार अंतिम संस्कार कराया। दाह संस्कार के दौरान जो दृश्य सामने आया वह बेहद भावुक कर देने वाला था। सिर्फ 10 साल का मासूम बेटा गणेश गुप्ता अपनी मां की चिता को काँपते हाथों से मुखाग्नि दे रहा था। यह दृश्य देखकर वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें भर आईं। अंतिम संस्कार के दौरान संस्था के सदस्य प्रकाश साहू, मोती ताम्रकर, संजू चटर्जी सुनील साहू, अजय ताम्रकार, रूपेश बेहेरा, समित मुंडा, देव साहू, ननकु मुंडा, बिट्टू मिश्रा,गजानंद साहू, निशांत जायसवाल, गोपी साहू, रोहित सिंह, गुड्डू, लाला साहू, सौरभ दास, अजय साहू, नीरज साहू, मनोज अग्रवाल, सत्यम साहू, विकास, अंशु पाल एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## हौसले की उड़ान-सीएसआईआर नेट में 33वीं रैंक लाकर निधि ने रोशन किया जिले का नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जब हम उन महिलाओं की बात करते हैं जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने सपनों को जीवित रखा, तो जिले की बेटी निधि गुप्ता का नाम स्वाभाविक रूप से सामने आता है। शासकीय विद्यालय की पढ़ाई से लेकर देश की प्रतिष्ठित परीक्षा में शीर्ष रैंक तक उनका सफर संघर्ष, संकल्प और सफलता की एक अनूठी गाथा है।



निधि की प्रारंभिक शिक्षा जिले के शासकीय कन्या विद्यालय में हुई। संसाधनों की कमी एक वास्तविकता थी, पढ़ाई के दौरान कई उतार-चढ़ाव भी आए लेकिन निधि ने कभी हौसला नहीं खोया। मज़बूत इरादों के आगे हर बाधा बौनी साबित होती रही। स्नातकोत्तर की पढ़ाई के लिए उन्होंने शासकीय रेवती रमण मिश्र महाविद्यालय, में प्रवेश लिया, जहां के प्रोफेसरों ने उनके जीवन को एक नई दिशा दी। रसायन विज्ञान के प्रोफेसर डॉ. विकेश कुमार झा का मार्गदर्शन उनके जीवन का अहम मोड़ बना। उनकी प्रेरणा और दिशा-निर्देशन से निधि ने देश की अत्यंत कठिन सीएसआईआर नेट परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 33वां रैंक अर्जित किया और सूरजपुर का नाम रोशन किया।

### सैनिक स्कूल में कैडेट्स एवं शिक्षकों ने खेली होली

**अम्बिकापुर।** सैनिक स्कूल में होली का पर्व परंपरा और अनुशासन के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। शिक्षकों एवं छात्रों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की खुशियां मनाई। होली की पूर्व संध्या पर बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक होलिका दहन किया गया। इस दौरान प्राचार्य कर्नल रीमा सोबती, उप-प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल पी श्रीनिवास, प्रशासनिक अधिकारी स्क्वाड्रन लीडर जेम्स नायर सहित सभी कैडेट, स्टाफ तथा उनके परिवार के सदस्य उपस्थित थे। अगले दिन सोमनाथ स्टेडियम में प्राचार्य कर्नल रीमा सोबती के आगमन उपरांत अधिकारियों ने कैडेट्स एवं स्टाफ ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया वहीं कैडेट्स ने होली गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया।



# जॉन की 'फोर्स 3' में हर्षवर्धन राणे की हुई एंट्री

**मुंबई।** जॉन अब्राहम की फिल्म 'फोर्स' और 'फोर्स 2' 2011 और 2016 में रिलीज हुई थी। अब निर्माता इसकी तीसरी कड़ी लेकर आ रहे हैं जिसमें हर्षवर्धन राणे भी आधिकारिक तौर पर शामिल हो गए हैं। इस खबर ने उनके फैंस को खुश होने का बड़ा मौका दे दिया है। दिलचस्प बात यह है कि 'फोर्स 3' में अपने होने की पुष्टि हर्षवर्धन ने सोशल मीडिया पर खुद की है। साथ ही, फिल्म के सेट एक वीडियो भी साझा किया है। हर्षवर्धन ने गुजरात में 'फोर्स 3' की शूटिंग शुरू कर दी है। इससे पहले, उन्होंने इंस्टाग्राम पर मुहूर्त पूजा का एक वीडियो साझा किया है जिसमें वह शूटिंग शुरू करने से पहले भगवान का आशीर्वाद लेते।

## लाइफ Style



# दिव्या

## 'चिरैया' सीरीज का दमदार ट्रेलर जारी

दिव्या दत्ता सिनेमा का वो चेहरा हैं, जो अपने अभिनय के दम पर दिल और दिमाग में छाप छोड़ जाती हैं। फिर वह कुछ ऐसा करते दिखाई देंगी, लेकिन इस बार उन्होंने भारतीय समाज के सबसे संवेदनशील मुद्दे को उठाया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

दिव्या एक ऐसी कहानी ला रही हैं जिसके जरिए समाज को यह संदेश दिया जाएगा कि 'शादी लाइसेंस नहीं देती' है। उनकी आगामी वेब सीरीज का नाम 'चिरैया' है जिसका दमदार ट्रेलर और रिलीज तारीख जारी हो गई है। 'चिरैया' का ट्रेलर 1 मिनट 43 सेकंड लंबा है जिसकी शुरुआत एक आदर्श परिवार से होती है। दिव्या मुख्य किरदार में हैं, और संजय मिश्रा उनके पति की भूमिका निभा रहे हैं।

ट्रेलर के जरिए बताने की कोशिश की गई है कि शादी का मतलब यह नहीं होता कि पति को अपनी पत्नी की सहमति के खिलाफ जाकर उसके साथ जबरदस्ती करने का हक मिल जाएगा। सीरीज कई साल से चली आ रही समाज की मानसिकता पर सवाल उठाती है। शशांत शाह द्वारा निर्देशित 'चिरैया' का निर्माण एसवीएफ एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया गया है। दिव्या और संजय के अलावा, सिद्धार्थ शॉ, सरिता जोशी, फैसल राशिद, टीनू आनंद और प्रसन्ना बिष्ट जैसे सितारे सीरीज में अलग-अलग किरदारों के साथ दिखे हैं। सीरीज में कुल 6 एपिसोड हैं जिनका प्रीमियर 20 मार्च, 2026 से जियोहॉटस्टार पर किया जाएगा।

## हॉलीवुड मसाला




# खुद को फिट और फाइन रखते हैं

**लॉस एंजिल्स।** 'हैरी पॉटर' सीरीज के स्टार डेनियल रेडक्लिफ ने अपनी फिटनेस जर्नी और सेहत के प्रति जुनून के बारे में खुलकर बात की। इस दौरान उन्होंने बताया कि एक समय ऐसा भी था कि उनकी लाइफस्टाइल काफी खराब थी, लेकिन अब वह फिटनेस को लेकर बेहद गंभीर हैं। डेनियल रेडक्लिफ ने बताया कि कैसे उन्होंने बुरी आदतों को छोड़कर जिम और हेल्दी रूटीन को अपनी जिंदगी का हिस्सा बनाया। डेनियल ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि टीन एज में वह 'पूरे दिन कॉफी और सिगरेट' पर चलते थे।



# गांव की छोरी बनकर मचाएंगी धमाल

**मुंबई।** सुपरस्टार राम चरण की आगामी फिल्म 'पेड्डी' लंबे समय से लोगों का ध्यान खींच रही है। 2025 में आई 'गेम चेंजर' की निराशाजनक परफॉर्मेंस के बाद, राम की इस फिल्म से लोगों की उम्मीदें काफी ज्यादा हैं। बुची बाबू सना द्वारा निर्देशित 'पेड्डी' में जाह्नवी कपूर बतौर मुख्य अभिनेत्री नजर आएंगी। चूकि 6 मार्च को अभिनेत्री 29 साल की हो गई हैं। इस खास मौके पर फिल्म से उनकी नई झलक जारी की गई है। आगामी 30 अप्रैल को रिलीज हो रही 'पेड्डी' में, जाह्नवी को 'अचियम्मा' के रूप में पेश किया गया है। पोस्टर में वह साहसी, आत्मविश्वासी और ऊर्जा से भरपूर दिखी हैं। सूती कपड़ों के साथ, गोल फ्रेम का चश्मा लगाए उनका लुक गांव की देहाती छोरी जैसा प्रतीत होता है।



# 'एस्पिरेंट्स सीजन-3' का ट्रेलर जारी

**मुंबई।** द वायरल फीवर की बेहद लोकप्रिय ड्रामा सीरीज 'एस्पिरेंट्स' अपने तीसरे सीजन के साथ धमाका करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। 6 मार्च को निर्माताओं द्वारा इसका ट्रेलर जारी कर दिया गया है। इसके निर्देशन की कमान दीपेश सुमित्रा जगदीश ने संभाली है। 'एस्पिरेंट्स सीजन 3' का प्रीमियर अमेजन प्राइम वीडियो पर किया जाएगा। यह 13 मार्च से भारत समेत दुनियाभर के 240 से ज्यादा देशों और क्षेत्रों में एक साथ दस्तक देगी। 'एस्पिरेंट्स सीजन 3' के ट्रेलर में कहानी को नए मोड़ पर पहुंचते हुए दिखाया गया है। सीरीज में नवीन कस्तूरिया, शिवांकित सिंह परिहार, अभिलाष थपलियाल, सनी हिंदुजा, नमिता दुबे और तेंगम सेलीन अपने पुराने किरदारों के साथ लौटे हैं। वहीं जतिन गोस्वामी को नए चेहरे के रूप में कहानी में शामिल किया गया है।



# 19 साल बाद भारत लौट रहीं पॉप स्टार शकीरा

**मुंबई।** करीब दो दशकों के बाद ग्लोबल पॉप स्टार शकीरा एक बार फिर भारत में लाइव परफॉर्म करेंगी। खास बात यह है कि इस बार शकीरा 10 अप्रैल को मुंबई में और 15 अप्रैल को दिल्ली में परफॉर्म करेंगी। यह पहली बार है कि शकीरा का भारत दौरा दो शहरों में आयोजित किया जा रहा है। दोनों ही शहरों में उनके भारी संख्या में फैंस हैं। माना जा रहा है कि ये कॉन्सट्र्स पूरी तरह हाउसफुल रहेंगे। शकीरा की एनर्जी, डांस मूव्स और सुपरहिट गानों का जादू भारतीय दर्शकों के सिर चढ़कर बोलेगा। अगर शकीरा के भारत कनेक्शन की बात करें, तो उन्होंने आखिरी बार साल 2007 में मुंबई में परफॉर्म किया था। उस समय वह अपनी 'ओरल फिक्सेशन टूर' के तहत भारत आई थीं। अब लगभग 19 साल बाद फैंस को उनकी लाइव परफॉर्मेंस देखने के लिए मिलेगी।

## टीवी मसाला



# 'सरप्राइज, सरप्राइज!' एक बार फिर लौट रहे हैं अमिताभ

**मुंबई।** देवियों और सज्जनों, मैं, अमिताभ बच्चन, आप सभी का एक बार फिर स्वागत करता हूँ" यह आवाज जल्द ही आपके घरों में गूंजेगी। देश के सबसे पॉपुलर और पसंदीदा क्विज रियलिटी शो, "कौन बनेगा करोड़पति" का 18वां सीजन टेलीविजन पर आने के लिए पूरी तरह तैयार है। सोनी टीवी के शो का एक नया प्रोमो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें सदी के महानायक, अमिताभ बच्चन अपने पुराने अंदाज में शो की वापसी की घोषणा करते हुए दिख रहे हैं।

### चुलबुले अंदाज में प्रोमो की शुरूआत

प्रोमो की शुरुआत अमिताभ बच्चन के चुलबुले अंदाज से होती है। कैमरे के सामने आकर वह कहते हैं, "सरप्राइज!" लाल वेलवेट कोट और काली पैंट पहने वह हमेशा की तरह डैपर लग रहे हैं। वीडियो में, बिग बी शीशे के सामने खड़े होकर अपनी बाहें फैलाते हुए कहते हैं, "सरप्राइज!" हालांकि, बीच में वह एक छोटी सी गलती पर मुस्कुराते हुए कहते हैं, "सॉरी, मुझसे गड़बड़ हो गई," और फिर अपना वीडियो जारी रखते हुए केबीसी रजिस्ट्रेशन की घोषणा करते हैं।

### रजिस्ट्रेशन की तारीख का खुलासा

केबीसी के इस नए सीजन का बेसब्री से इंतजार है। फैंस के लिए सबसे बड़ी खबर यह है रजिस्ट्रेशन की तारीख। वीडियो में साफ-साफ बताया गया है कि शो के सवाल और रजिस्ट्रेशन प्रोसेस 9 मार्च से शुरू होंगे। दर्शक सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव ऐप के जरिए हिस्सा ले सकते हैं।

### स्कैम से सावधान रहने की अपील


प्रोमो के आखिर में एक जरूरी डिस्क्लेमर भी दिया गया है, जिसमें कंटेस्टेंट को किसी भी स्कैम या लॉटरी स्कैम का शिकार न होने की चेतावनी दी गई है। चैनल ने साफ किया है कि 'कौन बनेगा करोड़पति' कभी किसी से कोई फीस या चार्ज नहीं मांगता है।

### फैंस एक्साइटेड हैं

अमिताभ बच्चन और केबीसी का पुराना रिश्ता है। पिछले सीजन के आखिर में जब बिग बी इमोशनल हो गए थे, तो उनकी वापसी को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे थे। लेकिन अब, इस ऑफिशियल प्रोमो ने उन सभी कयासों पर विराम लगा दिया है। फैंस अपने पसंदीदा होस्ट को फिर से हॉट सीट पर देखने के लिए बेताब हैं। सूत्रों के मुताबिक, नया सीजन जुलाई या अगस्त में आएगा।

# कार्तिक की नई हीरोइन प्रीति मुकुंदन कौन हैं 'नागजिला' से कर रहीं बॉलीवुड में एंट्री





**मुंबई।** अभिनेता कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी अगली रोमांचक फिल्म 'नागजिला' को लेकर सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार चर्चा सिर्फ कार्तिक की नहीं, बल्कि उनके साथ नजर आने वाली अभिनेत्री प्रीति मुकुंदन की भी हो रही है। साउथ फिल्म इंडस्ट्री में काम करने के बाद प्रीति अब करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बन रही इस फिल्म के जरिए अपना बॉलीवुड सफर शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। बॉलीवुड हंगामा के मुताबिक, फिल्म के निर्माता प्रीति के चयन से बेहद खुश हैं। सूत्रों का कहना है कि प्रीति मुकुंदन इस भूमिका के लिए बिल्कुल फिट बैठती हैं। वो फिल्म में एक बड़े मजेदार और कॉमेडी से भरपूर किरदार में नजर आएंगी, जो कहानी को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। खुद प्रीति भी इस किरदार को लेकर काफी उत्साहित हैं, क्योंकि उन्हें दर्शकों के सामने अपना एक अलग अंदाज पेश करने का मौका मिल रहा है।

### कौन हैं प्रीति मुकुंदन?

*प्रीति एक अभिनेत्री, मॉडल और डांसर हैं, जो अब तक कई तेलुगू, तमिल और मलयालम भाषा की फिल्मों में काम कर चुकी हैं। प्रीति ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत साल 2024 में तेलुगू हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'ओम भीम बुश' से की थी। इसके बाद उन्होंने फिल्म 'स्टार' के जरिए तमिल सिनेमा में कदम रखा। उधर 'मैंने प्यार किया' उनकी पहली मलयालम फिल्म थी। प्रीति को विष्णु मांचू और अक्षय कुमार अभिनीत तेलुगू फिल्म 'कन्नप्पा' में भी देखा गया था।*

# टी-20 विश्व कप के समापन समारोह में आज प्रस्तुति देंगे रिकी मार्टिन, चलाएंगे सुरों का जादू

**अहमदाबाद।** टी-20 विश्व कप 2026 के समापन समारोह के लिए हर कोई उत्साहित है। यह शाम और ज्यादा रंगीन होगी, क्योंकि पॉप गायक रिकी मार्टिन अपनी लाइव प्रस्तुति से सभी का मन मोहने आएंगे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने आधिकारिक पोस्ट साझा करते हुए यह खुशखबरी दी है। परफॉर्मेंस शाम 5:30 बजे से शुरू होंगी।'बता दें, क्रिकेट का यह फाइनल मुकाबला अहमदाबाद के प्रतिष्ठित नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आयोजित होगा। रविवार 8 मार्च को होने वाले इस मुकाबले में भारतीय क्रिकेट टीम का सामना न्यूजीलैंड से होगा।

***आईसीसी ने सोशल मीडिया पर किया ऐलान***

: आईसीसी ने रिकी मार्टिन के आगमन की पुष्टि करते हुए लिखा, 'टी-20 विश्व कप का जश्न और भी बड़ा हो गया है! हमें यह ऐलान करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि वैश्विक आइकन और सुपरस्टार रिकी मार्टिन आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 के फाइनल से पहले समापन समारोह में मुख्य कलाकार होंगे। यह एक ऐसा उत्सव है जिसे आप बिल्कुल भी छोड़ना नहीं चाहेंगे!



### जानिए कौन हैं रिकी मार्टिन

दो बार ग्रैमी पुरस्कार विजेता रिकी मार्टिन, लोकप्रिय प्यूर्टो रिकन गायक, गीतकार और एक अभिनेता भी हैं। उन्हें सबसे ज्यादा 'लिविन' ला विडा लोका' के लिए जाना जाता है जो 1999 का लोकप्रिय हिट पॉप गाना है। इसने रिकी को वैश्विक स्तर पर रातों-रात चमका दिया था। उनके अन्य लोकप्रिय गानों में 'द कप ऑफ लाइफ', 'मारिया' और 'शी बैंग्स' शामिल हैं। बतौर अभिनेता उन्हें 'द असासिनेशन ऑफ जियानी वर्साचे' और 'जनरल हॉस्पिटल' जैसी सीरीज में देखा गया है।

## बोलीं- अक्षय कुमार की 'चेली' बनकर रहूंगी

# 'भागम भाग 2' में मीनाक्षी चौधरी की एंट्री पक्की



***मुंबई।** साउथ फिल्मों की चर्चित अभिनेत्री मीनाक्षी चौधरी अब बॉलीवुड में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने आधिकारिक तौर पर पुष्टि की है कि वो अक्षय कुमार की सुपरहिट कॉमेडी फिल्म के सीक्वल 'भागम भाग 2' के जरिए हिंदी सिनेमा में अपनी शुरुआत करेंगी। मीनाक्षी ने इसे अपने करियर का एक बड़ा मोड़ बताते हुए कहा कि अक्षय जैसे सुपरस्टार के साथ काम करने का अवसर उन्हें बिल्कुल सही समय पर मिला है।*

### सही समय पर मिला सही मौका

वैराइटी इंडिया से बातचीत में कहा, मुझे ऐसा लगता है कि ये मौका तब आया, जब मैं बिल्कुल इसी तरह की किसी चीज की तलाश में थी। मैं ऐसी कहानियां ढूंढ रही थी, जिसे पूरा परिवार एक साथ बैठकर देख सके। मैंने बचपन में इस फिल्म का पहला भाग देखा था और मुझे वो बहुत पसंद आया था, इसलिए इस फिल्म का हिस्सा बनना ऐसा लगता है जैसे ये बिल्कुल सही समय पर मेरे पास आई है।

### मीनाक्षी ने क्यों चुनी ये फिल्म

मीनाक्षी ने आगे कहा, इससे पहले कई प्रोजेक्ट्स मेरे पास आए थे, उनकी कहानियों में मेरी उतनी दिलचस्पी नहीं थी, लेकिन जब 'भागम भाग 2' मेरे पास आई तो इसमें सिर्फ और सिर्फ हंसी और मनोरंजन का एहसास हुआ। मुझे लगता है कि आपकी उम्र चाहे जो भी हो या आप किसी भी भाषा के हों, इस फिल्म की कहानी और इसके किरदार आपसे जरूर जुड़ेंगे। आप चाहे किसी भी भाषा में इसे देखें, आप इसका भरपूर आनंद लेंगे।

### मैं तो सेट पर हाथ जोड़कर खड़ी रहूंगी

अक्षय की कॉमिक टाइमिंग के साथ तालमेल बैठाने के सवाल पर मीनाक्षी बोलीं, मैं सेट पर सबसे बड़ी छात्रा बनकर रहूंगी, जैसे गुरु के पास चेले होते हैं। वो जो कहेंगे, मैं वही सीखने और पालन करने की कोशिश करूंगी। मैं इस सेट पर वही बनने जा रही हूं और उनसे जितना हो सके, उतना सीखने की कोशिश करूंगी। आपको हर दिन किसी ऐसे व्यक्ति के साथ काम करने का मौका नहीं मिलता, जो अपने काम में इतना अद्भुत हो।

### अक्षय के साथ ये कलाकार भी आएंगे नजर

इस सीक्वल की कमान 'ड्रीम गर्ल' के निर्देशक राज शांडिल्य के हाथों में है, जिन्होंने फिल्म की कहानी भी लिखी है। हालांकि, निर्माताओं ने अभी तक रिलीज तारीख का खुलासा नहीं किया है। फिल्म में अक्षय के साथ कॉमेडी के बादशाह परेश रावल, मनोज बाजपेयी और अभिनेत्री आयशा खान भी अहम भूमिका में नजर आएंगी। ये 2006 की सुपरहिट फिल्म 'भागम भाग' का आधिकारिक सीक्वल है, जिसका प्रशंसक सालों से इंतजार कर रहे थे।

## खबर संक्षेप

### साइबर सेल की मदद से मिले 18 गुम मोबाइल



मनेन्द्रगढ़। सरगुजा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देश और पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह के मार्गदर्शन में साइबर सेल मनेन्द्रगढ़ द्वारा गुम हुए मोबाइल फोनों की खोज के लिए विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान 1 फरवरी से 28 फरवरी तक संचालित किया गया। इसमें साइबर टीम ने सफलता हासिल की। अभियान के दौरान साइबर सेल टीम ने तकनीकी संसाधनों और सूझबूझ का उपयोग करते हुए कुल 18 गुम मोबाइल फोन बरामद किए, जिनकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 2 लाख 57 हजार रुपए बताई गई है। बरामद किए गए सभी मोबाइल फोन को आवश्यक प्रक्रिया पूरी करते हुए उनके वास्तविक मालिकों को विधिवत सुपुर्द कर दिया गया है। अपने खोए हुए मोबाइल फोन वापस पाकर नागरिकों के चेहरे खुशी से खिल उठे। मोबाइल धारकों ने बताया कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनका गुम हुआ मोबाइल दोबारा मिल पाएगा, लेकिन मनेन्द्रगढ़ पुलिस और साइबर सेल की तत्परता और तकनीकी प्रयासों से यह संभव हो सका। उन्होंने पुलिस प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। और कहा कि ऐसी कार्रवाई से आम लोगों में पुलिस के प्रति भरोसा और सुरक्षा की भावना और मजबूत होती है। इस उपलब्धि में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विवेक पाटले, प्रधान आरक्षक पुष्कल सिन्हा, आरक्षक भूपेन्द्र यादव, राकेश तिवारी तथा दीप तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



मनेन्द्रगढ़। आमाखेरवा स्थित श्री-श्री दुर्गा धाम मंदिर में दुर्गा धाम समिति के तत्वाधान में रंग पंचमी के अवसर पर धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों की काफी संख्या में सहभागिता रही। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण के बीच सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इसमें श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम और हनुमान जी के जयकारों के साथ श्रद्धा एवं भक्ति भाव से सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान होली फाग महोत्सव भी मनाया गया। इसमें पारंपरिक होली गीतों और भजनों की प्रस्तुति से माहौल उल्लासपूर्ण हो उठा। उपस्थित महिलाओं और श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर रंग पंचमी की शुभकामनाएं दीं। पूरा मंदिर परिसर रंगों और भक्ति के रंग में सराबोर दिखाई दिया। आयोजन में दुर्गा धाम समिति के व्यासस्थापक बीएस सोनी, अध्यक्ष संजय त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार, उपाध्यक्ष डब्बू गुप्ता और अमित पुरी सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। वहीं महिला मंडल की ओर से सुषमा त्रिपाठी, यशोदा देवी, इंद्रकली देवी, पिंकी, नीलम, उत्तरा तिवारी तथा चंद्रकला सहित समस्त महिला सदस्यों ने भी सक्रिय रूप से भागीदारी निभाई। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और सांस्कृतिक परंपराओं को सशक्त बनाने का कार्य करते हैं।

### छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने दी श्रद्धांजलि



मनेन्द्रगढ़। छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन एमसीबी जिले के जिला संयोजक और शिक्षा जगत के समर्पित व्यक्तित्व गोपाल सिंह का लंबी बीमारी के बाद बीते 28 फरवरी शनिवार को निधन हो गया। उनके निधन की खबर से जिले के कर्मचारी जगत और शिक्षक समुदाय में शोक की लहर दौड़ गई है। गोपाल सिंह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलबहरा में व्यायाम शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। वे न केवल एक कुशल शिक्षक थे, बल्कि कर्मचारी हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने वाले एक कर्मठ नेता भी थे। फेडरेशन के जिला संयोजक के रूप में उन्होंने जिले के कर्मचारियों को एकजुट करने और उनकी समस्याओं के निराकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्व. गोपाल सिंह की स्मृति में 7 मार्च शनिवार को एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। इसके साथ कोरिया जिले के फेडरेशन के पदाधिकारी जिला संयोजक डॉ.आरएस चंदे, संरक्षण शंकर सुवन मिश्रा, राजेन्द्र सिंह दद्दा, जिला महासचिव विश्वास भगत, वाहन चालक संघ के जिलाध्यक्ष जमुना राजवाड़े भी उपस्थित रहे। फेडरेशन के साथियों ने उनके निधन को एक अपूरणीय क्षति बताया है और ईश्वर से उनके परिवार को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष

# नए जिले के शीर्ष पदों को बखूबी संभाल रहीं महिला अधिकारी और जनप्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

एमसीबी जिले में आज नारी शक्ति के नेतृत्व का सशक्त उदाहरण बनकर उभर रहा है। जिले की प्रशासनिक व्यवस्था से लेकर जनप्रतिनिधित्व तक महिलाओं ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभाल रखी हैं। लगभग 15 महिला प्रशासनिक अधिकारी और 6 निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधि जिले के विभिन्न शीर्ष पदों पर कार्य करते हुए विकास, कानून व्यवस्था और जनकल्याणकारी योजनाओं को बेहतर तरीके से संचालित कर रही हैं।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर यह तथ्य जिले के लिए गर्व का विषय है कि यहां महिलाएं न केवल प्रशासनिक निर्णयों में भागीदारी निभा रही हैं, बल्कि समाज के हर वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में भी अहम भूमिका निभा रही हैं। यह बदलते दौर की तस्वीर है, जहां महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर नेतृत्व कर रही हैं और समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। एमसीबी जिले में कानून व्यवस्था की कमान पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह के हाथों में है। उन्होंने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी क्षमता साबित कर रही हैं। पुलिस विभाग में महिला नेतृत्व से संवेदनशीलता और जिम्मेदारी दोनों बढ़ती हैं। हमारा प्रयास है कि जिले में कानून व्यवस्था मजबूत रहे और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो। जिले के विकास कार्यों और पंचायत योजनाओं के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंकिता सोम संभाल रही हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए शासन की योजनाओं को प्रभावी तरीके से लागू करना हमारी प्राथमिकता है। महिलाओं को अवसर मिलने से प्रशासनिक व्यवस्था और मजबूत होती है। अपर कलेक्टर नम्रता आनंद डोंगरे ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य जनता की समस्याओं का समाधान करना है। महिलाएं प्रशासन में संवेदनशीलता और समर्पण के साथ काम करती हैं, जिससे योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन संभव हो पाता है। एसडीएम केल्हारी इंद्रा मिश्रा ने कहा कि महिलाओं के लिए सबसे बड़ी शक्ति उनका आत्मविश्वास है। यदि महिलाएं ठान लें तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। शिक्षा और विभागीय जिम्मेदारियों में योगदान शासकीय विवेकानंद महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रावणी चक्रवर्ती ने कहा कि शिक्षा ही महिलाओं के सशक्तिकरण का सबसे बड़ा माध्यम है। जब बेटियां शिक्षित होंगी तभी समाज में समानता और प्रगति संभव होगी। जिला आबकारी अधिकारी शशिकला पैकरा ने कहा कि प्रशासनिक सेवा में पारदर्शिता और अनुशासन सबसे जरूरी है। महिला अधिकारी होने के नाते हमें समाज के प्रति और अधिक जिम्मेदारी महसूस होती है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास अंकिता मरकाम ने कहा कि आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा और विकास को बढ़ावा देना हमारी प्राथमिकता है, खासकर आदिवासी बालिकाओं के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराना जरूरी है। राजस्व और पंचायत प्रशासन में सक्रिय भूमिका तहसीलदार मनेन्द्रगढ़ श्रुति धुर्वे ने कहा कि राजस्व संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान करना और जनता को न्याय दिलाना प्रशासन की मुख्य जिम्मेदारी है। तहसीलदार उमंग जैन ने कहा कि महिला दिवस हमें प्रेरणा देता है कि महिलाएं अपनी क्षमता पर विश्वास रखें और हर क्षेत्र में आगे बढ़ें। तहसीलदार केल्हारी सतरूपा साहू ने कहा कि महिलाओं की बढ़ती भागीदारी प्रशासन को और अधिक संवेदनशील और मजबूत बनाती है। तहसीलदार खड़गवां सिद्धि गबेल ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा साबित कर रही हैं और प्रशासनिक सेवा में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। सीईओ जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ वैशाली सिंह ने कहा कि ग्रामीण विकास के लिए पंचायत व्यवस्था महत्वपूर्ण है और महिलाओं की भागीदारी से बेहतर निर्णय लिए जा रहे हैं। नगर पंचायत लेदरी की सीएमओ अंजना वाइकिल्फ ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता, पेयजल और मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाना हमारी प्राथमिकता है। पुलिस और अन्य विभागों में महिला अधिकारी सीएसपी चिरमिरी दीपिका मिंज ने कहा कि महिलाओं की पुलिस सेवा में बढ़ती भागीदारी से समाज में सुरक्षा का विश्वास मजबूत होता है। डीएसपी तरशीला टोप्पो ने कहा कि महिलाएं यदि संकल्प लें तो हर लक्ष्य हासिल कर सकती हैं। जिला विपणन अधिकारी विनीता चौरासे ने कहा कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए विपणन व्यवस्था को मजबूत बनाना जरूरी है।



### जनप्रतिनिधियों की भी अहम भूमिका

एमसीबी जिले में महिला जनप्रतिनिधि भी जमीनी स्तर पर विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंती सिंह ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी से लोकतंत्र और मजबूत होता है और ग्रामीण विकास को नई दिशा मिलती है। जनपद अध्यक्ष खड़गवां श्याम बाई मरकाम ने कहा कि गांवों के विकास में महिलाओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। जनपद अध्यक्ष मनेन्द्रगढ़ जानकी बाई कुसरो ने कहा कि हमारी प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना है। नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ की अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव ने कहा कि नगर के विकास के लिए स्वच्छता और बुनियादी सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नगर पंचायत झगराखंड की अध्यक्ष श्रीमती ललिता यादव ने कहा कि महिलाएं नेतृत्व में आती हैं तो समाज में संवेदनशीलता और विकास दोनों बढ़ते हैं। नगर पंचायत झगराखंड की अध्यक्ष रीमा यादव ने कहा कि महिला दिवस हमें यह संदेश देता है कि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकती हैं। भारतीय जनता पार्टी की जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले ने कहा कि आज महिलाएं केवल घर की जिम्मेदारी ही नहीं निभा रहीं, बल्कि समाज और राजनीति में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। एमसीबी जिले में महिलाओं का नेतृत्व यह साबित करता है कि यदि महिलाओं को अवसर और सम्मान मिले तो वे हर क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर सकती हैं। महिला नेत्री डॉ. रश्मि सोनकर ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए शिक्षा, आत्मविश्वास और अवसर बेहद जरूरी हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हमें यह संदेश देता है कि महिलाएं अपने अधिकारों और क्षमताओं को पहचानें और समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं।

## चावल उत्सव के साथ मना रोजगार और आवास दिवस

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार जिले की विभिन्न उचित मूल्य दुकानों में चावल उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपभोक्ताओं व ग्रामीणों में उत्साह का माहौल रहा और काफी संख्या में में लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। जिले के गदबदी, चरचा, सारा, बरदिया, छिंदिया, दामुज, सरभोका और नवाटोला सहित कई ग्रामों में आयोजित चावल उत्सव के दौरान रोजगार दिवस और आवास दिवस भी मनाया गया। कार्यक्रम में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) तथा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) से संबंधित लंबित भुगतान और प्रगतिरत कार्यों की जानकारी साझा की गई। साथ ही अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूरा करने के लिए अधिक श्रमिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को क्यूआर कोड स्कैन कर योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने की प्रक्रिया भी बताई गई। इस तकनीक के माध्यम से ग्रामीण अब पंचायत में हुए मनरेगा कार्यों के साथ-साथ वीबीजीरामजी योजना के लाभों की जानकारी भी प्राप्त कर सकेंगे। चावल उत्सव के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीण जनप्रतिनिधियों की विशेष सहभागिता रही। उचित मूल्य के संचालकों ने कहा कि समय पर राशन देना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने राशन कार्ड उपभोक्ताओं से कहा कि समय-समय पर अपना राशन कार्ड, आधार कार्ड अपडेट कराते रहें। तकनीक के उपयोग और योजनाओं की पारदर्शी जानकारी से ग्रामीणों में काफी उत्साह देखने को मिला।

## गर्ल्स कालेज में विदाई समारोह



बैकुण्ठपुर। शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में बीए, बीकॉम और बीएससी द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं द्वारा तृतीय वर्ष की छात्राओं का विदाई समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह की शुरूआत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. आरएन कच्छप द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख पुष्प अर्पित एवं प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने विदाई लेने वाली छात्राओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी और कैरियर निर्माण के लिए प्रेरणादायक शब्द कहे। समारोह में विशेष रूप से उपस्थित रहे पूर्व सहायक संचालक उच्च शिक्षा छग शासन और शासकीय नवीन महाविद्यालय कुई-कुकदुर, कबीरधाम के प्राचार्य प्रो. डॉ. जीए घनश्याम ने भी छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिसमें नृत्य, गीत, नाटक और मनोरंजक खेल प्रतियोगिता शामिल थीं।


## शतरंज को लेकर सक्रियता बढ़ी प्रतियोगिता का होगा आयोजन



वेस्ट चिरमिरी। कोयलांचल चिरमिरी सहित नव गठित जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में शतरंज खेल के विकास एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से अंचल के वरिष्ठ खिलाड़ी विश्वनाथ मनियम (बिच्छू भैया) के विशेष उपस्थिति एवं पूर्व महापौर के. डोमरू रेड्डी की अध्यक्षता में विगत दिनों चिरमिरी के हल्दीबाड़ी स्थित होटल मातृछाया में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक शहर के पूर्व वरिष्ठ खिलाड़ियों के मार्गदर्शन एवं सहयोग से आयोजित की गई। इसमें नगर के खेलप्रेमी नागरिकों एवं शतरंज खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से एमसीबी जिला शतरंज संघ का गठन कर उसकी गतिविधियों को बढ़ाने का निर्णय लिया गया। नवगठित संघ का मुख्य उद्देश्य जिले के सभी क्षेत्रों से सक्रिय एवं शतरंज के जानकारों को सम्मिलित करते हुए, सबकी सहभागिता से जिले एवं क्षेत्र के प्रतिभावान शतरंज खिलाड़ियों को उचित मंच प्रदान करना, नियमित प्रशिक्षण शिविर आयोजित करना तथा समय-समय पर शतरंज प्रतियोगिताओं का आयोजन करना स्वीकृत किया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि शीघ्र ही नगर स्तर पर एक ओपन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। स्पर्धा के माध्यम से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन कर उन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जाएगा।

## बुड़ार में स्वच्छता की अलख जगाकर प्रेरणा बनीं दीदियां

बैकुण्ठपुर। कोरिया जिले में जनपद बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बुडार की चार महिलाएं अपने अथक समर्पण, मेहनत और एकजुटता के कारण पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं। ग्राम पंचायत में रहने वाली श्रीमती अंजनि, हीरा मनी, लीलावती और मित्तल ने ग्राम पंचायत में प्रेरणा का एक नया माहौल बनाया है। ये महिलाएं पिछले लगभग तीन वर्षों से स्वच्छता दीदी के रूप में लगातार कार्य कर रही हैं और गांव को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।



स्वच्छता दीदी बनकर ये महिलाएं सप्ताह में दो दिन बुधवार और शनिवार को गांव के घर-घर जाकर कचरा संग्रहण का कार्य करती हैं तथा ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करती हैं। वे लोगों को समझाती हैं कि गीला और सूखा कचरा अलग-अलग रखने से गांव स्वच्छ रहता है और कचरे का सही प्रबंधन संभव होता है। कार्य के प्रारंभिक दिनों में इन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। गांव के बहुत से लोग कचरा अलग-अलग देने के लिए तैयार नहीं थे और स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी कम थी, लेकिन इन महिलाओं ने धैर्य, मेहनत और निरंतर प्रयास से घर-घर जाकर लोगों को समझाया। धीरे-धीरे ग्रामीणों की सोच में सकारात्मक बदलाव आया और अब गांव के प्रत्येक रहवासी नियमित रूप से कचरा देने लगे हैं, जिससे गांव में स्वच्छता का माहौल बना है। इन महिलाओं ने बताया कि प्रशासन के सहयोग से उन्हें कबाड़ी का काम करने वाले व्यवसायी से भी जोड़ा गया, जिससे वे सूखे कचरे जैसे प्लास्टिक, कागज और अन्य पुनर्चक्रण योग्य सामग्री को बेचकर अतिरिक्त आय प्राप्त कर रही हैं। इस कार्य से प्रत्येक महिला को लगभग 2 से 3 हजार रूपए प्रतिमाह की आय प्राप्त होती है। अब तक ये चारों महिलाएं मिलकर लगभग 2.5 लाख से अधिक की आय अर्जित कर चुकी हैं। जिससे उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है और उनमें आत्मनिर्भरता की भावना भी बढ़ी है। इन महिलाओं की सबसे बड़ी ताकत उनकी आपसी एकता और संगठन है, जिसके कारण वे मिल-जुलकर अपने कार्य को सफलतापूर्वक आगे बढ़ा रही हैं। इनके लगातार प्रयासों और उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा इन महिलाओं को एक ई-रिक्शा भी प्रदान किया गया है।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## महिलाओं ने खेली फूलों की होली



मनेन्द्रगढ़। क्षेत्र में होली का उत्सव अभी भी पूरे हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया जा रहा है। यहां महिलाओं द्वारा विशेष रूप से फूलों की होली खेली जा रही है। इसमें काफी संख्या में महिलाएं शामिल होकर भक्ति और उत्सव का अनूठा संगम प्रस्तुत कर रही हैं। शहर के प्रसिद्ध हनुमान टेकरी मंदिर में महिलाएं एकत्रित होकर भजन-कीर्तन, फाग गीत और नृत्य के माध्यम से होली का पर्व मना रही हैं।

मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल के बीच महिलाएं भगवान के समक्ष फाग गीत गाती हैं और एक-दूसरे पर फूलों की वर्षा कर होली का आनंद लेती हैं। डॉ.रश्मि सोनकर अध्यक्ष, शीला सिंह ने बताया कि कार्यक्रम प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी सामूहिक हनुमान चालीसा समिति के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में शहर और आसपास के क्षेत्रों की महिलाएं काफी संख्या में भाग लेती हैं। महिलाएं अपने घरों के कामकाज को पूरा करने के बाद समय पर मंदिर पहुंचती हैं और पूरे उत्साह के साथ भगवान की आराधना करते हुए फाग गीत गाती हैं। कार्यक्रम के दौरान महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सजी-धजी नजर आती हैं। मंदिर परिसर में ढोलक, मंजीरा और झांझ की मधुर धुनों के बीच फाग गीतों की गूंज सुनाई देती है। भक्ति और उल्लास के इस वातावरण में महिलाएं भगवान के समक्ष नृत्य भी करती हैं और फूलों की होली खेलकर इस पावन पर्व की खुशियां साझा करती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस प्रकार के धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम क्षेत्र की परंपराओं को जीवित रखने का काम करते हैं। साथ ही इससे समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे की भावना भी मजबूत होती है। जानकारी के अनुसार मनेन्द्रगढ़ और आसपास के क्षेत्रों में होली से जुड़े इस तरह के धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम लगातार बुढ़वा मंगल तक आयोजित किए जाते हैं। इन आयोजनों में काफी संख्या में लोग शामिल होकर भक्ति, संगीत और उत्सव का आनंद लेते हैं। बुढ़वा मंगल के बाद होली पर्व के आयोजनों का समापन माना जाता है। होली का पर्व भारतीय संस्कृति में प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक माना जाता है। होली के इस अवसर

## भाजपा मंडल का होली मिलन समारोह



सोनहत। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मंडल सोनहत द्वारा रेस्ट हाउस कटगोड़ी (आनंदपुर नर्सरी) में भव्य होली मिलन समारोह एवं फाग सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, ग्रामीणजन, महिला शक्ति और युवाओं की काफी संख्या में सहभागिता रही। समारोह के दौरान सभी ने एक-दूसरे को अबीर और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी और आपसी भाईचारे तथा सामाजिक समरसता का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, नगर पंचायत अध्यक्ष गायत्री सिंह, जिला पंचायत सदस्य शिव कुमारी सोनपाकर और गीता राजवाड़े, जनपद पंचायत सोनहत अध्यक्ष आशा देवी सोनपाकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजाराम राजवाड़े, भाजपा जिला मंत्री ईश्वर राजवाड़े, मंडल अध्यक्ष अनिल खटिक, मंडल अध्यक्ष दीपा विश्वकर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय चिकनजूरी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रीता यादव, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सत्येन्द्र राजवाड़े, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, सुखदेव राजवाड़े सहित अन्य गणमान्य लोग विशेष रूप से उपस्थित रहे, इसके अलावा भाजपा मंडल महामंत्री मनोज साहू, सुरेश राजवाड़े, रमन गुप्ता, सच्चिदानंद द्विवेदी, संतोष सिंह, रवि त्रिपाठी, एसटी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शहादुर चेरवा, महिला मोर्चा जिला महामंत्री पुष्पलता राजवाड़े, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष संगीता गुप्ता, किसान मोर्चा जिला महामंत्री जय चक्रधारी, रेणु सिंह, मंजू जीवनानी, जनपद सदस्य अलेश्वरी गौतम, सोनिया सुमित राजवाड़े, राजेश साहू, अनिल जायसवाल, सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में मीडिया प्रतिनिधियों में राजन पांडेय, शैलेश गुप्ता, राजेश राज गुप्ता, राजा साहू और नीलेश सोनी सहित अन्य पत्रकार साथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### शांति और सौहार्द के साथ मनाया गया रंगों का महापर्व होली



बिजुरी। कोयलांचल नगरी बिजुरी में रंगों का महापर्व होली इस वर्ष भी शांति, सौहार्द और भाईचारे के वातावरण में संपन्न हुआ। थानाक्षेत्र अंतर्गत सभी समुदायों के लोगों ने आपसी प्रेम और सद्भाव के साथ एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली का त्योहार उत्साहपूर्वक मनाया। नगर के विभिन्न मोहल्लों और चौक-चौराहों पर लोगों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

### होली मिलन समारोह



बिजुरी। सनातन धर्म के पावन पर्व होली के उपलक्ष्य में शनिवार को नगर पालिका परिषद बिजुरी की अध्यक्ष सहबीन पनिका के निज निवास माइनस कॉलोनी में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सौहार्द और खुशियों के रंग उस समय और गहरे हो गए जब प्रदेश के राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल ने समारोह में शिरकत की। शनिवार दोपहर आयोजित इस मिलन समारोह में नगर के प्रबुद्धजन, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों की उपस्थिति रही।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव), धारी देवी, चोपता
04 मई, 07 मई, 11 मई, 16 मई,
25 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411